विद्या मन्दिर में आयोजित हुआ प्रतिभा सम्मान समारोह, पुरस्कार पाकर खिले चेहरे

देवरिया।। सी0बी0एस0ई0 2024 के घोषित परीक्षा परिणाम में नगर के सरस्वती वरिष्ठ विद्या मन्दिर देवरिया खास देवरिया का दशवीं का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा वही बारहवीं का 95.52 प्रतिशत रहा। परीक्षा में सफल छात्र भैयाओं के प्रोत्साहन और सम्मान हेतु विद्यालय के माधव सभागार में प्रतिभा सम्मान समारोह–2024 आयोजित किया गया।

कार्यक्रम की आरम्भ आगन्तुक अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलन व पुष्पार्चन से हुआ। सरस्वती वन्दना के पश्चात विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री अनिरुद्व सिंह ने कार्यक्रम की प्रस्तावना व मंचस्थ अतिथि मा0 अध्यक्ष प्रबन्ध समिति श्री अशोक श्रीवास्तव, प्रबन्धक श्री मुन्नी लाल शर्मा ,कोषाध्यक्ष श्री गौरव गोयल का परिचय कराया। तत्पश्चात जिले में प्रथम स्थान लाने वाले भैया यश पाण्डेय को अतिथिगण ने लैपटॉप देकर सम्मानित किया उसी क्रम में भैया शशांक सिंह एंव भैया मयूरेश सिंह को टेबलेट देकर सम्मानित किया गया। सम्मान के क्रम में बारहवीं के भैया अभिषेक कुशवाहा, अमन गुप्ता, रितेश सिंह, आयुष उपाध्याय, शौर्य प्रताप सिंह, आलोक सिंह, आदर्श पति त्रिपाठी, आदित्य मिश्रा, रत्नेश मिश्रा, संदीप निषाद, प्रणव तिवारी, विष्णु राय, विशेन भविष्य, शुभम कुशवाहा, दिव्यान्शु मिश्रा, तथा दशवी के भैया अर्पित कुमार श्रीवास्तव, सूर्यान्श तिवारी, आशुतोष तिवारी, आदित्य जायसवाल, कृष्णा प्रजापति, विनित चौहान, नीरज गिरि, शिवम ओझा, अर्नव गुप्ता, प्रियान्शु यादव, राहुल निषाद, दिव्यान्श द्विवेदी, मानस गुप्ता, नैतिक गुप्ता को उपहार (कलाई घड़ी)देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में भैयाओं को सम्बोधित करते हुये विद्यालय के प्रबन्धक श्री मुन्नीलाल शर्मा जी ने छात्र भैयाओं की सफलता का श्रेय आचार्य और विद्यालय व्यवस्था के साथ साथ अभिभावक बन्धुओं को दिया उन्होंने कहा कि एक जागरुक अभिभावक विद्यालयी शिक्षा के लक्ष्य को और आसान बना देता है। विद्या भारती विश्व के सबसे बड़े शिक्षण संस्थान में से एक है, इसका लक्ष्य शिक्षण के साथ सफल मानव का निर्माण भी है, संस्कार अनुशासन आदर्श ओर जीवन मूल्य विद्यार्थी के जीवन को अत्यन्त मूल्यवान बनाते है। सफल छात्रों से यह आशा है कि जीवन में आगे बढ़ने के साथ ही इन संस्कारो को भी अपनाये। नेतृत्व समायोजन ,परोपकार अनुशासन के गुण सफल जीवन के लिये आवश्यक है और छात्र भैयाओं को उनका वाहक बनना है। विद्यालय प्रबन्ध समिति में अध्यक्ष श्री अशोक श्रीवास्तव ने दशवीं और बारहवीं के छात्रों को उनके अच्छे प्रदर्शन की सराहना की एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

कार्यक्रम में आभार व्यक्त करते हुये विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री अनिरुद्व सिंह ने कहा कि यह सम्मान समारोह आगामी सत्र की परीक्षा में शामिल होने वाले छात्रों के लिये प्रेरणा बनेगा तथा विद्यालय परिवार आगे भी छात्र भैयाओं के सम्मान में ऐसा कार्यक्रम आयोजित करता रहेगा। संचालन आचार्य श्री अशोक यादव ने किया। इस अवसर पर जगदीश प्रसाद, देवेन्द्र प्रजापति, प्रेमविकास तिवारी, दिलीप श्रीवास्तव, नितिन श्रीवास्तव, चन्द्र प्रकाश सिंह, मनोज कुन्दन, हरिनाथ त्रिपाठी सहित समस्त आचार्य ,अभिभावक एवं छात्र भैया उपस्थित रहे।

प्रधानाचार्य